उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,

हरिद्वार–249404

संख्याः–32/19/डी0आर0(स0नि0)/सेवा–2/2021–22 दिनांकः 10 अप्रैल, 2024

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत **सफाई निरीक्षक परीक्षा–2023** के विज्ञापन दिनांक 08 अगस्त, 2023 के क्रम में मुख्य लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दिनांक 03 दिसम्बर, 2023 को किया गया था। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से विज्ञप्ति संख्या–294, दिनांक 14 दिसम्बर, 2023 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन में किये गये दावों के सापेक्ष अभिलेख/प्रमाण–पत्र आयोग कार्यालय में दिनांक 29 दिसम्बर, 2023 तक प्राप्त किये गये थे। प्राप्त अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में सफाई निरीक्षक परीक्षा–2023 के लिए अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूचना से संबंधित सूचियों को आयोग की बेवसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित किया गया है। अनर्ह सूची एवं अधिमानी अर्हता सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से साक्ष्यों सहित **दिनांक 25 अप्रैल, 2024 तक (बहृस्पतिवार)** तक अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। अंतिम **तिथि 25 अप्रैल, 2024** के पश्चात् अभ्यर्थियों से इस विषय में प्राप्त किसी भी अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।